तापमान
अधिकतम 37 .2 डिग्री
न्यूनतम 22 .7 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार, 27 सितंबर, 2025

14 शिविरों को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह



14 पंजीकरण वेरिफाई न होने से अटकी फसल खरीद



## खबर संक्षेप

### ट्रेन में चढ़ते समय लॉ के छात्र की मौत

**समालखा।** समालखा रेलवे स्टेशन पर 19 वर्षीरू प्रिंस नैन मूल निवासी गांव कामी जिला सोनीपत, हाल निवासी समालखा की ट्रेन में चढ़ते समय मौत हो गई। प्रिंस कानून का विद्यार्थी था। इधर, जीआरपी ने पोस्टमार्टम के बाद युवक का शव उसके परिजनों को सौंप दिया। इधर, गन्नौर से विधायक देवेंद्र कादियान ने प्रिंस के निधन पर शोक जताया है। जीआरपी ने बताया कि ट्रेन में सवार होने के दौरान प्रिंस, ट्रेन व प्लेटफॉर्म के बीच फंस गया। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### सीएनजी भरने की आड़ में युवक से धोखाधड़ी

**पानीपत।** पानीपत के न्यू मुखीजा कॉलोनी के पास स्थित श्री सुदर्शन पेट्रोल पंप पर कार चालक प्रवीण के साथ उसकी कार में सीएनजी भरने की आड में सेल्समैन ने ठगी कर ली। जिस पर पीड़ति युवक ने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के अधिकारियों से शिकायत की। इधर, प्रवीण ने मॉडल टाउन पुलिस को भी इस मामले में लिखित शिकायत दी।

### सींक में अमित की सैन्य सम्मान से अंत्येष्टि की

**पानीपत।** पानीपत के गांव सींक निवासी नौ सैनिक अमित कुमार पुत्र नाहर सिंह को सैन्य सम्मान साथ अंतिम विदाई दी। अमित मुंबई में नेवी में तैनात था और ड्यूटी के दौरान उसको हार्ट अटैक आया। वहीं शहीद अमित का शव पैतृक गांव में लाया गया। यहां पर राजकीय सम्मान के साथ हजारों लोगों की मौजूदगी में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### मादक पदार्थ तस्कर को पांच साल का कारावास

**पानीपत।** एएसजे योगेश चौधरी की अदालत ने मादक पदार्थ की तस्करी के आरोपी सलीम पुत्र कोका निवासी गांव बापौली जिला पानीपत को दोषी करार देत हुए पांच साल के कठोर कारवास की सजा सुनाई। वहीं जज चौधरी की अदालत ने सलीम पर 25 हजार रूपये जुर्माना किया। जुर्माना नहीं देने पर दोषी को छह माह का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा।

### खो-खो में झज्जर व सोनीपत प्रथम

**पानीपत।** राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ के अंतर्गत फेंसिंग और खो-खो खेल प्रतियोगिताओं का समापन शुक्रवार को हुआ। फेंसिंग में पानीपत के तरुण ने स्वर्ण पदक, जबकि नितेश ने रजत और यश राणा व रुद्र प्रताप ने कांस्य पदक हासिल किया। खो-खो में लड़कियों की श्रेणी में झज्जर की टीम ने प्रथम, जबकि जींद ने दूसरा और सोनीपत व फतेहाबाद ने तीसरा स्थान हासिल किया। लड़कों में सोनीपत ने प्रथम, रोहतक ने दूसरा और कैथल व जींद ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## त्योहारी सीजन को लेकर निगम की कार्रवाई निरंतर जारी

# तीसरे दिन भी चला निगम का पंजा, दो बाजारों से कब्जे साफ

*दुकानदार ने एडिशनल म्युनिसिपल कमिश्नर पर हमला करने का किया प्रयास, निगम कर्मचारियों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले किया*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

अंबाला शहर में नगर निगम की ओर से निरंतर तीन दिन से अवैध अतिक्रमण पर पीला पंजा चलाया जा रहा है। इस अभियान की अगुवाई खुद नगर निगम के एडिशनल म्युनिसिपल कमिश्नर दीपक सूरा कर रहे हैं। अभी तक निगम की ओर से तीन बाजारों से अतिक्रमण हटाया जा चुका है।

- बाजारों को स्वच्छ, सुंदर सुविधाजनक बनाना मुख्य उद्देश्य : सूरा

इस कार्रवाई से दुकानदार बेहद खौफजदा हैं। शुक्रवार को कार्रवाई के दौरान एक दुकानदार ने एएमसी दीपक सूरा पर हमला करने का प्रयास किया। सहयोगी कर्मचारियों ने तुरंत दुकानदार को काबू कर लिया। इसके बाद पुलिस दुकानदार को अपने साथ ले गई। निगम की ओर से उसके खिलाफ केस दर्ज करवाने की कार्रवाई चल रही है।

### तोड़े जा रहे अवैध कब्जे

नगर निगम की ओर से की जा रही कार्रवाई के दौरान अवैध कब्जों के साथ दुकानों के बाहर रखे सामान को जब्त किया जा रहा है। सूरा के साथ निगम कर्मियों की बड़ी टीम यह कार्रवाई कर रही है। जांच टीम दुकानों और ठेलों के बाहर रखे सामान को निगम की ट्रालियों में डालकर जब्त कर रही है।

निगम अधिकारियों ने स्पष्ट संदेश दिया कि सार्वजनिक स्थलों पर कब्जा कर व्यापार करने या अव्यवस्था फैलाने की किसी भी तरह की छूट अब नहीं दी जाएगी। एएमसी दीपक सूरा ने कहा कि निगम का उद्देश्य सिर्फ अतिक्रमण हटाना ही नहीं है बल्कि दिवाली से पहले बाजारों को स्वच्छ, सुंदर और सुविधाजनक बनाना भी है। अंबाला के सभी प्रमुख बाजारों को अतिक्रमण मुक्त करने के साथ-साथ प्लास्टिक मुक्त भी किया जाएगा। इसके अलावा सभी बाजारों को पोस्टर-फ्री और होर्डिंग-फ्री भी किया जाएगा, ताकि शहर का सौंदर्य और बढ़ सके। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण के कारण बाजारों में आम लोगों और खरीदारों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। त्योहारों के सीजन में जब भीड़ बढ़ जाती है, तब यह समस्या और गंभीर हो जाती है। ऐसे में निगम का लक्ष्य है कि बाजारों को खुला और व्यवस्थित रखा जाए ताकि लोग आसानी से खरीदारी कर सकें। सूरा ने साफ शब्दों में कहा कि निगम इस बार पूरी गंभीरता से अभियान चला रहा है। उन्होंने बताया कि बीते दिनों ही 50 से 60 साल पुराने अतिक्रमण को हटाया गया है। यह इस बात का सबूत है कि निगम लंबे समय से बने कब्जों को भी जड़ से उखाड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। निगम ने हर इलाके में नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। इन अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे किसी भी तरह के नए अतिक्रमण की जानकारी तुरंत निगम को दें। सूचना मिलते ही निगम की टीम मौके पर पहुंचेगी।





अंबाला। बाजारों से अतिक्रमण हटाती नगर निगम की टीम। *फोटो : हरिभूमि*

### दुकानों से हटाए शेड

बीते रोज भी नगर निगम की टीम ने नाहन हाउस क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। टीम ने अर्थमूविंग मशीन से बनाई गई अस्थायी दुकानें और शेड भी हटाए। इसके साथ ही सड़क पर खड़ी पाई गई रेहड़ियां, बोर्ड और अन्य सामान जब्त किया गया। इस दौरान कई महिलाओं ने निगम की कार्रवाई का विरोध भी किया, लेकिन निगम अधिकारियों ने कार्रवाई जारी रखी। निगम पुलिस व होमगार्ड जवानों के साथ कार्रवाई के लिए पहुंची। अतिरिक्त निगम आयुक्त दीपक सूरा ने कहा कि स्वच्छता सेवा पखवाड़े के तहत सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

# भाकियू का प्रदर्शन, मंडी बंद करने की दी चेतावनी



करनाल। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते भाकियू कार्यकर्ता।

- धान की खरीद शुरू न होने और मंडियों में डिजिटल कांटे न लगने से नाराज हुए किसान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने शुक्रवार को करनाल मार्केट कमेटी के मुख्य द्वार पर जोरदार धरना प्रदर्शन कर सरकार व प्रशासन के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर किया। धान की खरीद शुरू न होने और मंडियों में डिजिटल कांटे न लगने से नाराज किसानों ने दोपहर तक मंडी का मुख्य द्वार जाम रखकर नारेबाजी की। प्रदेशाध्यक्ष रतनमान ने कहा कि मुख्यमंत्री खुद किसान परिवार से हैं, लेकिन आज प्रदेश के किसानों की हालत देखकर भी चुप बैठे हैं। धान की आवक शुरू हो चुकी है, लेकिन डिजिटल कांटे न लगने और खरीद प्रक्रिया शुरू न होने से किसान भटक रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सोमवार तक समस्या का समाधान नहीं हुआ तो मंगलवार से करनाल मार्केट कमेटी के गेट पर ताला जड़ दिया जाएगा और मंडी का कामकाज ठप कर दिया जाएगा।जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह घुम्मन ने कहा कि अधिकारी जानबूझकर देरी कर रहे हैं, जिससे आढ़तियों को फायदा मिले। भाकियू ने किसानों से अपील की कि वे अपनी फसल की तुलाई केवल डिजिटल कांटों से करवाएं और यदि कोई आढ़ती मना करता है तो तुरंत शिकायत करें।

### घरौंडा में करेंगे प्रदर्शन

भाकियू घरौंडा अध्यक्ष धनेतर सिंह राणा ने घोषणा की कि शनिवार को घरौंडा अनाज मंडी में भी इसी मुद्दे पर प्रदर्शन होगा। धरने में सुरेंद्र बैनीवाल, सुरेंद्र सागवान, महताब कादियान, शाम सिंह मान, धनेतर राणा, दिलावर सिंह, राम दुरेजा, नेकी राम, राजकुमार नोतना, राजा राम, भरतरी मान, जयपाल शर्मा आदि किसान शामिल रहे।

# घरौंडा में सीएम फ्लाइंग की बड़ी कार्रवाई, 90 घरेलू सिलेंडर बरामद

- रेलवे रोड पर अवैध गैस सिलेंडर कारोबार का भंडाफोड़ किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| घरौंडा

शुक्रवार दोपहर सीएम फ्लाइंग की टीम ने घरौंडा स्थित रेलवे रोड पर अवैध गैस सिलेंडर कारोबार का भंडाफोड़ किया। टीम ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ कार्रवाई करते हुए तीन दुकानों पर छापेमारी की, जहां से करीब 90 घरेलू सिलेंडर बरामद किए गए।

सीएम फ्लाइंग को गुप्त सूचना मिली थी कि रेलवे रोड पर कुछ दुकानदार घरेलू गैस सिलेंडरों का अवैध कारोबार कर रहे हैं। यह दुकानदार बड़े घरेलू सिलेंडरों से गैस निकालकर छोटे सिलेंडरों में भरने का काम करते थे और उन्हें ऊंचे दामों पर बेचते थे। यह कार्य न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि किसी भी समय बड़ा हादसा भी हो सकता था।

### तीन दुकानों पर रेड

छापेमारी के दौरान टीम ने रेलवे रोड स्थित तीन दुकानो से भारी मात्रा में सिलेंडर जब्त किए। इतना ही नहीं, बड़े सिलेंडरों से छोटे सिलेंडरों में गैस ट्रांसफर करने के लिए जिन यंत्रों का इस्तेमाल किया जा रहा था, उन्हें भी कब्जे में ले लिया गया है। मौके पर मौजूद खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारी यश कालड़ा ने बताया कि मुख्यमंत्री के उड़न दस्ते को इस अवैध कारोबार की सूचना मिली थी। सूचना की पुष्टि होते ही संयुक्त टीम का गठन किया गया और अचानक छापेमारी कर कार्रवाई की गई। घटना की जानकारी मिलते ही घरौंडा पुलिस भी मौके पर पहुंची और सभी सिलेंडरों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस अब यह भी खंगाल रही है कि इतने बड़े पैमाने पर सिलेंडर दुकानदारों तक पहुंचे कैसे और इसमें गैस एजेंसी या अन्य लोगों की संलिप्तता है या नहीं! रेलवे रोड पर अचानक हुई इस बड़ी कार्रवाई से आसपास के दुकानदारों में हड़कंप मच गया।





### पानीपत में युवक के सिर में प्रहार कर हत्या

**पानीपत।** पानीपत जीटी रोड स्थित हुडा सेक्टर 13-17 कट के पास काफी समय से बंद पड़ी फैक्ट्री में युवक का शव पड़ा मिला। वहीं मृतक की पहचान नहीं हुई। इधर, बंद फैक्ट्री के पास से गुजर रहे लोगों को दुर्गंध लगी। तो उन्होंने पास जाकर देखा तो वहां पर एक युवक का शव पड़ा था। वहीं घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची ओर जांच की। पुलिस जांच में पता चला कि मृतक के सिर पर तेज धारदार हथियार से हमला कर हत्या की गई है। इधर, जांचाधिकारी एसआई तस्वीर सिंह ने बताया कि युवक की मौत के सही कारण पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में पता चलेगे। फिलहाल पुलिस मृतक की शिनाख्त के प्रयास कर रही है।

### अंबाला : चादर में लिपटा मिला लड़के का भ्रूण

**अंबाला।** अंबाला कैंट में बच्चे का भ्रूण मिलने से सनसनी फैल गई। इंदिरा कॉलोनी वाल्मीकि धर्मशाला के पास शुक्रवार दोपहर 12 बजे कूड़े के ढेर में भ्रूण मिला है। यह भ्रूण लड़के का है। उसके सभी अंग विकसित हो चुके थे। भ्रूण को सफेद चादर में लपेटा हुआ था। यहां से गुजर रहे राहगीर की नजर भ्रूण पर पड़ी। प्रत्यक्षदर्शी अनिल ने बताया कि वह कुत्ता घुमाने आया था, तभी उसने कूड़े के ढेर में भ्रूण देखा था। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कुछ देर पहले ही भ्रूण को कूड़े के ढेर में छोड़ गया होगा। उसने डायल-112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। भ्रूण को कब्जे में लेने के बाद कैंट के नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है। 72 घंटे बाद पोस्टमार्टम होगा। हाउसिंग बोर्ड चौकी प्रभारी गुरदेव ने बताया कि फॉरेंसिक एक्सपर्ट के पोस्टमार्टम से ही मौत के कारण व सही समय का पता चल जाएगा।

## देशभक्ति का प्रदर्शन किया


# पुलिस अकादमी मधुबन में दीक्षांत समारोह, 245 जवानों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

मधुबन स्थित हरियाणा पुलिस अकादमी में शुक्रवार को भव्य दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर 245 नवप्रशिक्षित पुलिसकर्मियों ने परेड ग्राउंड पर मार्च पास्ट कर देशभक्ति का प्रदर्शन किया और विधिवत शपथ लेकर जनता की सेवा का संकल्प लिया।

समारोह के मुख्य अतिथि डीजीपी शत्रुघ्न सिन्हा ने जवानों को बधाई देते हुए कहा कि पुलिस सेवा केवल नौकरी नहीं बल्कि समाज की सुरक्षा का संकल्प है। उन्होंने जवानों से अपेक्षा जताई कि वे ईमानदारी, पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ ड्यूटी निभाएं और जनता का विश्वास जीतें।

कार्यक्रम में परेड की सलामी ली गई और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर आईजी मधुबन संदीप खिरवार, एडीजीपी प्रशिक्षण रोहित चौधरी और पुलिस अकादमी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।




# स्कूलों के नवीनीकरण से बच्चों को मिलेगी बेहतर शिक्षा : ढांडा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

हरियाणा के शिक्षामंत्री महीपाल ढांडा के बड़े भाई एवं समाजसेवी हरपाल ढांडा ने पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के पांच गांवों में सरकारी स्कूलों में पूर्ण किए गए नवीनीकरण कार्यों का उद्घाटन किया।

हरपाल ढांडा ने गांव निजामपुर, बाबरपुर, कचरौली, महमदपुर व फरीदपुर के सरकारी विद्यालयों में हुए नवीनीकरण कार्यों का निरीक्षण करते हुए कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की रीढ़ होती है और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तभी मिल सकती है जब उन्हें स्वच्छ, सुरक्षित एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त वातावरण प्राप्त हो।



## पूर्व कैबिनेट मंत्री ने जगाधरी में व्यापारियों व जीएसटी अधिकारियों के साथ की बैठक

# जीएसटी दरों में कटौती से हर वर्ग को राहत : कंवरपाल

- मुख्यातिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा द्वारा केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी की दरों में की गई कटौती को लेकर जगाधरी में व्यापारियों व जीएसटी अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्यातिथि के रुप में पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने भाग लिया। इस दौरान व्यापारियों को जीएसटी अधिकारियों ने केंद्र सरकार के जीएसटी सुधारों को लेकर विस्तार से जानकारी दी।

मुख्यातिथि एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि जनता के हितों को लगातार तवज्जो देते हुए केन्द्र की मोदी सरकार व प्रदेश की नायब सिंह सैनी सरकार जनता के हित में कदम उठा रही है। केंद्र सरकार द्वारा नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफ्रॉम्र्स शुभ नवरात्रि पर्व से लागू की है। जो खुशी की बात है। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि हाल ही में जीएसटी दरों में भारी कटौती करके केन्द्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर वर्ग को राहत दी है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में कटौती किए जाने से हर वर्ग को डबल फायदा मिला है।

जीएसटी कम होने से आवश्यक जरूरत की वस्तुएं सस्ती हुई हैं। वहीं, इससे देश के विकास की रफ्तार बढ़ेगी। उन्होंने इस जीएसटी रिफार्म को विकसित भारत बनाने की दिशा में मोदी सरकार का आवश्यक कदम बताया है।

इस मौके पर डीईटीसी अदितेंदर सिंह तक्षक ने कहा कि व्यापारी वर्ग जीएसटी दरों में किए गए ऐतिहासिक कदम का अधिक से अधिक लाभ आम जनता को दिलवाना सुनिश्चित करें। ताकि हर कोई इससे लाभान्वित हो सके। उन्होंने कहा कि जीएसटी विभाग की तरफ से व्यापारी वर्ग को हर संभव मदद मुहैया कराई जाएगी। व्यापारी वर्ग के साथ साथ आम नागरिकों को भी जीएसटी के कम हुए रेटों के बारे में विस्तृत बताया जाएगा। जिससे जीएसटी से होने वाले लाभों को खरीददार तक आसानी से पहुंचाया जा सके।




यमुनानगर। जगाधरी में आयोजित व्यापारियों व जीएसटी अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल।

### समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन

*बैठक में शहर के व्यापारियों ने अपनी जीएसटी टैक्स से संबंधित कुछ समस्याएं जीएसटी विभाग के डीईटीसी अदितेंदर सिंह तक्षक व पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवर पाल के समक्ष रखी। जिस पर उन्होंने समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करवा दिए जाने का व्यापारियों को आश्वासन दिया। मौके पर बैठक के संयोजक गिरीश पुरी, सहसंयोजक शिवकुमार कांबोज, सहसंयोजक व्यास गोयल, भारत गर्ग, अश्वनी, मनोज गुप्ता, चेयरमैन राकेश त्यागी व भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग और मंडल अध्यक्ष प्रियंक शर्मा आदि मौजूद रहे।*

# युवक ने नशा देकर युवती के साथ किया दुष्कर्म

- आरोपी पर अश्लील वीडियो बनाने व वायरल करने की धमकी देने का भी आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

युवक ने शहर की एक कॉलोनी निवासी युवती को छछरौली क्षेत्र के एक होटल में ले जाकर उसे नशीला पदार्थ देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपी ने उसकी अश्लील वीडियो भी बनाई।

इसे वायरल करने की धमकी देकर आरोपी उसके साथ संबंध बनाता रहा। परेशान होकर युवती ने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर की एक कॉलोनी निवासी 26 वर्षी युवती ने छछरौली पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी सैलेंद्र नोटियाल के साथ जान पहचान थी। इसके बाद आरोपी उससे फोन पर बात करने लगा। जिस कारण उनकी दोस्ती हो गई।

### होटल ले जाकर वारदात

दिंसबर 2024 में आरोपी उसे घुमाने के बहाने से अपने साथ छछरौली क्षेत्र के एक होटल में लेकर गया। जहां आरोपी ने उसे पानी में कोई नशीला पदार्थ पीने के लिए दे दिया। जिसे पीते ही वह बेहोश हो गई। इस दौरान आरोपी ने उसकी अश्लील वीडियो बना ली और उसके साथ दुष्कर्म किया। कुछ दिन बाद आरोपी का फोन आया कि उसने उसकी अश्लील वीडियो बनाई हुई है। आरोपी उसे वायरल करने की धमकी देने लगा। इसके बाद उसके साथ संबंध बनाए।

# जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय असंतुलन है मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतराः डॉ. अग्रवाल


यमुनानगर। ग्लोबल शिक्षण संस्थान नाचरौन में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में पौधे रोपित करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

- ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंट ट्रेक्नोलॉजी नाचरौन( रादौर ) में पौधारोपण कार्यक्रम का किया आयोजन
- संस्थान के निदेशक डॉ. लक्ष्य अग्रवाल ने पौधारोपण कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ
- पेड़ न केवल आक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि वायु की शुद्धताऔर जल संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी नाचरौन(रादौर) में विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर शुक्रवार को पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. लक्ष्य अग्रवाल ने पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सैंकड़ो छायादार, औषधीय व फलदार पौधे लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया।

### पर्यावरणीय असंतुलन स्वास्थ्य के लिए खतरा

संस्थान के निदेशक डॉ. अक्षय अग्रवाल ने कहा कि प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय असंतुलन मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरे बन चुके हैं। वृक्षारोपण जैसी गतिविधियां इन समस्याओं से निपटने का सरल और प्रभावी उपाय हैं। पेड़ न केवल आक्सीजन प्रदान करते हैं । बल्कि वायु की शुद्धता,मिट्टी की उर्वरता और जल संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं समाज में पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य के बीच गहरे संबंध के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। मौके पर संस्थान के बीबीए विभाग से यशस्विनी शर्मा ने बताया कि आज विश्व जिन चुनौतियों का सामना कर रहा है। उनमें जलवायु परिवर्तन, वायु एवं जल प्रदूषण, अपशिष्ट प्रबंधन तथा वनों की कटाई प्रमुख हैं। इन समस्याओं का सीधा प्रभाव मानव स्वास्थ्य पर पड़ता है। इसीलिए वृक्ष हम सब के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

### प्रकृति व स्वास्थ्य का गहरा संबंध

संस्थान के रजिस्ट्रार महेश वर्मा ने कहा कि प्रकृति और स्वास्थ्य का गहरा संबंध है। यदि पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तो मानव स्वास्थ्य भी सुरक्षित रहेगा। इसलिए हर व्यक्ति को अपने जीवन में वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देनी चाहिए। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने यह संकल्प लिया कि वह न केवल पौधे लगाएंगे बल्कि उनकी नियमित देखभाल भी करेंगे। ताकि वह आने वाले वर्षों में सशक्त वृक्ष के रूप में विकसित हो सकें। मौके पर बीबीए व बीसीए विभाग के विद्यार्थियों ने संस्थान परिसर व आसपास के खाली पड़े स्थानों पर सैंकड़ो फलदार, छायादार व औषधीय पौधे लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया।

# जनता दरबार में लोगों ने रखी 50 शिकायतें

पंचायत ने कृषि विभाग की बिल्डिंग की रिपेयर किए जाने की मांग रखी

## गांव चमरौड़ी में जनता दरबार का आयोजन

- मौके पर सभी प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे
- उपायुक्त ने लोगों को लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

जिला प्रशासन द्वारा रादौर क्षेत्र के गांव चमरौड़ी में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने की। मौके पर अन्य सभी प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। उपायुक्त पार्थ गुप्ता के समक्ष जनता दरबार में 50 लोगों ने अपनी समस्याएं रखी। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कुछ समस्याओं का मौके पर समाधान कर दिया। शेष समस्याओं को संबंधित अधिकारियों को सौंपकर उनका जल्द समाधान करने के निर्देश दिए।


यमुनानगर। गांव चमरौड़ी में आयोजित जनता दरबार में ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करते उपायुक्त पार्थ गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल, एसडीएम रादौर नरेन्द्र कुमार, डीएसपी आशीष चौधरी, डीआईपीआरओ डॉ.मनोज कुमार, डीडीपीओ नरेन्द्र सिंह, बीडीपीओ श्याम लाल, तहसीलदार अशोक कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी मिक्षा रंगा व सीडीपीओ कुसुम आदि मौजूद रहे।

### कृषि केन्द्र में स्टाफ की नियुक्ति किए जाने की मांग रखी

मौके पर जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। उन्होंने ग्रामीणों से अपने गांव की स्वच्छता और सफाई पर ध्यान देने के लिए आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वातावरण के स्वच्छ रहने से जहां गांव सुंदर बनेगा और स्वच्छ रहेगा, वहीं, लोगों का स्वास्थ्य भी स्वस्थ रहेगा। मौके पर ग्राम पंचायत चमरोड़ी ने गांव में कृषि विभाग की बिल्डिंग की रिपेयर किए जाने बारे व कृषि केन्द्र में स्टाफ की नियुक्ति किए जाने की मांग रखी। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने ग्राम पंचायत द्वारा रखी गई मांग पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया।

# सरूपनखा की नाक काटने का किया मंचन

- खरदूषण का श्रीराम के साथ हुआ युद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

ग्रामीण रामा ड्रामेटिक क्लब नाचरौन के तत्वावधान में चल रही रामलीला के दौरान देर रात सरूपखना नाक विछेदन के दृश्य का मंचन किया गया।

रामलीला में दिखाया गया कि मर्यादा पुरुषौत्तम श्रीराम, लक्ष्मण व सीता माता वन भ्रमण करते हुए पचंवटी पहुंचते हैं। इस दृश्य के दौरान रावण की बहन सरूपनखा उनके पास आती है और श्रीराम की सुंदरता पर मोहित हो जाती है। तब वह सुंदर स्त्री का रूप धारण करके श्रीराम के सामने शादी का प्रस्ताव रखती है।


यमुनानगर। गांव नाचरौन में आयोजित रामलीला में प्रस्तुति देते कलाकार।

### युद्ध में राम के हाथों मारेग खर और दूषण

राम लक्ष्मण द्वारा मना करने पर वह सीता माता की ओर बढ़ती है। जिस पर क्रोधित होकर लक्ष्मण उसकी नाक काट देता है। फिर सरूपनखा कटा नाक लेकर खर व दूषण के पास जाती है। खर दूषण राम के साथ युद्ध करते हैं और मारे जाते हैं।

**ये रहे मौजूदः** मौके पर क्लब के प्रधान डॉ.लाभ सिंह, राहुल पुंडीर, राज शर्मा, सेठपाल शर्मा, धर्मबीर राणा, चंद्रपाल कोच, यशपाल राणा, मुकेश, राजपाल, सोमपाल कश्यप आदि मौजूद थे।

# भावी पीढ़ियों के लिए अमूल्य निवेश है पौधरोपण : डॉ.गर्ग

- जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर की एनएसएस इकाई ने किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर की एनएसएस इकाई की ओर से शुक्रवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रादौरी, घेसपुर व रत्नगढ़ के सरकारी विद्यालयों में पौधरोपण किया। संस्थान के निदेशक डॉ.संजीव गर्ग ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य न सिर्फ पर्यावरण को बचाना है, बल्कि विद्यार्थियों में हरित चेतना फैलाना और अपनी माताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करना भी है।



यमुनानगर। स्कूल में पौधरोपण करने पहुंचे जेएमआईटी के विद्यार्थी व अन्य।

### भूमि कटाव को रोकते हैं पौधे

विद्यार्थियों ने फलदार व छायादार पौधों को स्कूल प्रांगण एवं आसपास के खुली जगहों में लगाया। उन्होंने कहा कि यह पौधारोपण अभियान हमारी भावी पीढ़ियों के लिए एक अमूल्य निवेश है। इस तरह के अभियान हमे ग्लोबल वार्मिंग से निपटने, धरती को हरा भरा बनाने, भूमि कटाव रोकने और बंजर भूमि को सुधारने मे मदद करते हैं। मौके पर कॉलेज प्राचार्य एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.विकास भारद्वाज, दीप्ती चौहान आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में ओने से महिला की मौत

**यमुनानगर।** जगाधरी वर्कशाप रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। मृतक के पास से कोई ऐसा दस्तावेज नहीं मिले। जिससे उसकी पहचान हो सके। रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के लिए शव गृह में रखवा दिया। थाना जीआरपी के जांच अधिकारी राकेश ने बताया कि उन्हें स्टेशन मास्टर से सूचना मिली थी कि रेलवे स्टेशन जगाधरी वर्कशाप पर यार्ड के पास एक महिला का शव पड़ा है। सूचना मिलते ही वह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त करने का प्रयास किया लेकिन उसकी पहचान नहीं हो गई। उन्होंने बताया कि मृतका का उम्र करीब 65 वर्षीय प्रतीत हो रही है। मृतका ने गुलाबी रंग के कपड़े पहने हुए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के लिए शव गृह में रखवा दिया। पुलिस आसपास के क्षेत्र में शिनाख्त के लिए पूछताछ कर रही है। जीआरपी थाना के जांच अधिकारी राकेश ने बताया कि शुक्रवार सुबह उन्हें सूचना मिली थी कि बाईपास पुल के पास मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है।

# ट्विन सिटी में बनाए जाएंगे नए वेंडिंग जोन

- नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने नए वेंडिंग जोन बनाने के लिए कमेटी का किया गठन
- टाउन वेंडिंग कमेटी की बैठक में नगर निगम आयुक्त ने लिए महत्वपूर्ण निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर कार्यालय में टाउन वेंडिंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने की। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

निगम के टीएफआई गोपाल बक्शी ने बताया कि नगर निगम के प्रारंभिक सर्वे में 15613 स्ट्रीट वेंडरों की पहचान की गई है। उन्हें अनुशंसा पत्र (एलओआर) जारी किए गए हैं। 3895 स्ट्रीट वेंडर्स फल व सब्जी बेचने का काम करते हैं। लगभग 1700 वेंडर्स फास्ट फूड और बाकी विक्रेता अन्य कार्य करते हैं।


यमुनानगर। नगर निगम कार्यालय में आयोजित टाउन वेंडिंग कमेटी की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए निगमायुक्त महाबीर प्रसाद। फोटो : हरिभूमि

### योजना के तहत 10690 वेंडर्स ले चुके हैं लोन

पीएम स्वनिधि योजना के तहत 10690 वेंडर्स लोन ले चुके हैं। नगर निगम द्वारा सेक्टर 17 के पास, प्रकाश चौक व जब्बी वाला गुरुद्वारा के पास वेंडिंग जोन बनाए हैं। जिनमें लगभग 340 स्ट्रीट वेंडर्स ही शिफ्ट हो सकते है। नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने इसके लिए नए वेंडिंग जोन बनाने के लिए निगम अधिकारियों को जगह देखने के निर्देश दिए। साथ ही कमेटी पदाधिकारियों से विचार विमर्श कर कई अहम निर्णय लिए।

# विद्यार्थियों ने स्वच्छता को लेकर निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

मुकंदलाल स्कूल रादौर में विद्यार्थियों ने स्वच्छता प्रतिज्ञा रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। रैली का शुभारंभ पीटीआई मास्टर सचिन कुमार व मैडम डोली ने किया। पीटीआई मास्टर सचिन ने बताया कि स्वच्छता प्रतिज्ञा रैली स्कूल प्रांगण से शुरु होकर कस्बा के विभिन्न मार्गो से होती हुई अंत में शुभारंभ स्थल पर जाकर संपन्न हुई।



यमुनानगर। रादौर स्थित मुकंद लाल स्कूल में आयोजित रैली में भाग लेते विद्यार्थी।

### स्वच्छता पूरे समाज की जिम्मेदारी

इस दौरान विद्यार्थियों ने रैली में स्वच्छता के नारे लगाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। मौके पर मैडम डोली, विल्सन कुमार, शिल्पी गुप्ता, मोना चौपड़ा, उर्वशी व प्रियंका ने रैली के दौरान लोगों को समझाया कि स्वच्छता केवल विद्यालय की ही नहीं जिम्मेदारी है। बल्कि यह पूरे समाज की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा स्वच्छता से ही स्वास्थ्य और प्रगति संभव है।

## चोरों ने सूने घर के ताले तोड़कर चुराए लाखों रुपये के आभूषण, मामला दर्ज

**यमुनानगर।** गांव रायपुर में चोरों ने सूने घर के ताले तोड़कर लाखों रुपये के सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। घटना के समय परिवार के सदस्य किसी काम से बाहर गए थे। वापस लौटने पर चोरी का पता चला। पुलिस ने फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जरूरी सबूत जुटाए। बाद में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव रायपुर निवासी कुलविंद्र ने सदर यमुनानगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह 22 सितंबर को घर के ताले लगाकर परिवार के साथ बाहर गया था। देर शाम जब वह वापस लौटे तो घर के लगे ताले टूटे हुए थे और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से गले का हार, माथे का टिक्का, कान के झुमके, सोने की आठ हाथों की चुडियां, तीन कोनों की बालियां, तीन अंगूठियां, तीन नाक की पिन, कोका, चांदी के आभूषण, दो पैरों की चेन, मंगलसूत्र, हाथ का कड़ा व अन्य आभूषण गायब मिले। उसने बताया की चोरी हुए आभूषणों की कीमत करीब ढ़ाई लाख रुपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जरूरी सबूत जुटाए। बाद में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# न्यू हैप्पी स्कूल के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

- गांव खुंडेवाला फार्म हाऊस में बच्चों को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल बिलासपुर के बच्चों ने शुक्रवार को गांव खुंडेवाला में पहुंचकर शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान बच्चों को कई आवश्यक जानकारियां उपलब्ध करवाई गई। विद्यालय की प्रिंसीपल मोनिका कश्यप के नेतृत्व में लगभग 60 विद्यार्थी गांव खुंडेवाला स्थित डॉ.बेअंत सिंह के फार्म हाऊस पर पहुंचे। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्रों को कृषि विज्ञान, अनुसंधान तथा आधुनिक तकनीकों से अवगत कराना था। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान बच्चों को बताया गया कि धान की लगभग 8000 प्रजातियाँ उपलब्ध हैं। उन्हें विभिन्न प्रजातियों के अनुसंधानात्मक अध्ययन एवं खेती की आधुनिक तकनीकों की भी जानकारी दी गई।


यमुनानगर। न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल बिलासपुर के विद्यार्थी गांव खुंडेवाला में शैक्षणिक भ्रमण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### बिना दवाइयों के फसल उगाना संभव

कृषि विभाग की ओर से हेड ऑफ डिपार्टमेंट आराधना, डॉ.विनेश गोयल एवं टेक्निकल डायरेक्टर विकास ने भी बच्चों का मार्गदर्शन किया। विद्यार्थियों ने सीखा कि किस प्रकार मिट्टी का प्रकार, तापमान, मृदा उर्वरता, संसाधन और पानी की उपलब्धता फसलों की गुणवत्ता व उत्पादन को प्रभावित करते हैं। उन्हें यह भी बताया गया कि कुछ उन्नत ट्रांसजेनिक धान की किस्में कम पानी में भी अधिक उत्पादन देती हैं विशेषज्ञों ने यह भी अवगत कराया कि आधुनिक शोध और तकनीक के चलते अब बिना दवाइयों के फसल उगाना संभव हो गया।

## दंपति ने किशोर को रास्ते में रोककर की मारपीट

**यमुनानगर।** जगाधरी की गंगा नगर कॉलोनी में दंपति ने किशोर को रास्ते में रोककर उसके साथ मारपीट की। गंगा नगर कॉलोनी निवासी संजीव कुमार ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका 16 वर्षीय लड़का निशांत 14 सितंबर को रात साढ़े आठ बजे कॉलोनी में किसी काम से जा रहा था। इस दौरान अजित व उसकी पत्नी होशिला ने उसके ल्ड़के को रास्ते में रोक लिया और उसके साथ मारपीट करने लगे। शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर चले गए।

श्रद्धालुओं ने शुक्रवार को मां स्कंदमाता की पूजा-अर्चना की

# नवरात्रि के पांचवें दिन मां के मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

- मंदिरों में माता के दरबार में पहुंचकर मां के भक्तों ने चढ़ाया चुनरी और नारियल

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

अश्विन माह में चल रहे शारदीय नवरात्र के पांचवे दिन शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पहुंचकर मां के पांचवे स्वरूप स्कंदमाता की पूजा अर्चना की।

इस दौरान भक्तों ने मां को नारियल और चुनरी चढ़ाकर पूजा अर्चना की और अपने परिवार की सुख शांति के लिए मन्नत मांगी। खास बात यह रही कि मां के मंदिरों में दिन भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और मां के जयकारों का जयघोष होता रहा। वहीं, पांचवे नवरात्र पर मां बाला सुंदरी के मेले में श्रद्धालुओं ने जमकर खरीददारी की। शुक्रवार सुबह से ही श्रद्धालु शहर के प्राचीन श्रीदेवी मंदिर समेत जिले में स्थित मां के मंदिरों में पहुंचना शुरू हो गए थे।



यमुनानगर। दुर्गा मंदिर में मां के दर्शन करने के लिए लाइनों में खड़े मां के भक्त व यमुनानगर की सीमा स्थित मां बालासुंदरी मंदिर परिसर के नजदीक आयोजित मेले में लगे आकर्षक झूलों पर झूलते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### आत्म कल्याण की शक्ति करती है प्रदान

मां दुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित लक्ष्मण दास ने बताया कि मां दुर्गा का पांचवा स्वरूप स्कंदमाता हमारे जीवन की अति महत्वाकांक्षाओं पर नियंत्रण कर हमें परम सुख व शांति की अनुभूति कराता है। मां के ज्योतिर्मयी स्वरूप का ध्यान जीवनी शक्ति का संवर्धन कराता है। यह माता अविवेक को दूर कर हमें प्रेम, स्नेह और वात्सल्य जैसी कोमल वृत्तियों की अनुभूति प्रदान करती है। हमारी भीतरी संवेदनाओं और आध्यात्मिक ज्ञान को जागृत कर आत्मकल्याण के मार्ग पर अग्रसर होने की शक्ति प्रदान करती है। यह माता भगवान स्कंद की माता हैं। जो सिंह पर अर्धपद्मासन मुद्रा में विराजमान हैं। इनके स्वरूप की अराधना करना जीवन के लिए काफी सुखदायी है।

### श्रद्धालुओं ने जमकर खरीदारी की

इस दौरान मां के भक्तों ने मां के पांचवे मनोहारी स्वरूप स्कंदमाता पूजा की। उन्होंने नारियल, चुनरी व प्रसाद चढ़ाकर मन्नत मांगी। खास बात यह रही की मां आदि शक्ति जगत जननी के सभी मंदिरों में सुबह से लेकर शाम तक भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। शहर के प्राचीन श्रीदेवी मंदिर, बाला सुंदरी मंदिर, मां लक्ष्मी मंदिर, त्रिलोकपुर स्थित मां के मंदिर समेत अन्य मंदिरों में भक्तों ने पहुंचकर पूजा अर्चना की। वहीं, जिले की सीमा पर स्थित मां बाला सुंदरी मंदिर परिसर के नजदीक आयोजित मेले में श्रद्धालुओं ने जमकर खरीददारी की।


यमुनानगर। गुरु नानक खालसा कॉलेज में आयोजित क्विज प्रतियोगिता की विजेता टीम पुरस्कार प्राप्त कर स्टाफ सदस्यों के साथ खुशी जताते हुए।

## टीम ए ने क्विज में प्राप्त किया प्रथम स्थान

**यमुनानगर।** गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में संस्थान के लीगल लिटरेसी सेल, पब्लिक एमडमिनिस्ट्रेशन व पॉलिटिकल साइंस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राइट टू नो डे के अवसर पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरविंदर सिंह भल्ला ने किया। कॉलेज के संसाधन अधिकारी डॉ. हेमंत मिश्रा ने बताया कि क्विज प्रतियोगता आयोजित करने का मुख्य उदेश्य सूचना के अधिकार तथा शासन में पारदर्शिता के महत्व को उजागर करना रहा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में 11 टीमों ने भाग लिया। इस दौरान टीमों के बीट रोमांचक मुकाबले हुए। जिनमें टीम ए ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, टीम बी ने द्वितीय और टीम एफ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. अरविंदर सिंह भल्ला ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने विजेताओं के ज्ञान,आत्मविश्वास और सक्रिय भागीदारी की सराहना की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में लीगल सेल के संयोजक डॉ. बलजीत सिंह, विभागाध्यक्ष डॉ. इकबाल सिंह, डॉ. अनुराग, डॉ. विनय चंदेलए, डॉ. पायल लांबा, प्रो. रोबिन, डॉ. नेहा व प्रो. मनीषा आदि मौजूद रहे। कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने प्रतियोगिता का आयोजन करने के किए प्रिंसीपल व स्टाफ सदस्यों की सराहना की।

## खबर संक्षेप

### ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर हादसे में एक की मौत

**कुरुक्षेत्र।** शेख चिल्ली मकबरे के समीप एक ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में पिता की मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा उसका 7 साल का बेटा घायल हो गया। घटना का सीसीटीवी वीडियो सामने आया है, जिसमें ट्रक बाइक को टक्कर मारता दिख रहा है। टायर के नीचे व्यक्ति की एक टांग आ गई। उसका बेटा तुरंत पिता को तड़पते देख खड़ा हुआ और पापा-पापा चिल्लाने लगा। इसके बाद आसपास के लोग मौके पर आ गए। व्यक्ति को एम्बुलेंस बुलाकर अस्पताल पहुंचाया गया।

### कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ अभियान का समापन

**कुरुक्षेत्र।** कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ आशाओं के 26 दिन चले प्रदेश व्यापीय जत्था अभियान का समापन हुआ। प्रदेश भर से सैकड़ों यूनियन नेताओं और सामाजिक संगठन के नुमाइंदे हुए शामिल। समापन पर बेटियों की उपलब्धियों से भरे गीतों की हुई प्रस्तुतियां। सैनी धर्मशाला में आयोजित इस राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित करते हुए प्रोफेसर रजनी पालीवाल ने कहा कि काम की जगह पर लड़कियों और महिलाओं की संख्या को बढ़ाना, अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध करवाने, व्यवसाओं, दुकानों पर महिला की संख्या बढ़े, सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं पर, शिक्षा के लिए अधिक आर्थिक मदद करने से महिलाओं का असली शाक्तिकरण होगा।

### मांगें नहीं मानी गई तो शुरू करेंगे क्रमिक अनशन

**कुरुक्षेत्र।** एलसीएलओ- कर्मचारी यूनियन हरियाणा के बैनर तले लघु सचिवालय कुरुक्षेत्र के सामने धरना आठवें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान ओमप्रकाश ने की ओर संचालन पवन पलवल राज्य महासचिव ने किया। धरने पर उप महासचिव सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा संदीप सांगवान ने बताया कि सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के एक एक कार्यकर्ता एलसीएलओ के राज्य स्तरीय आंदोलन को पूरा समर्थन करते हैं व जब भी इनको हमारी जरूरत पड़ेगी हम उसी समय धरने पर बैठे मिलेंगे।

### सोलो डांस में अमीन तो ग्रुप डांस में तिगरी विजेता

**कुरुक्षेत्र।** शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव गुरुवार देर सायं राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र के प्रांगण में संपन्न हुआ जिसमें पांच खंडो पिहोवा बाबैन शाहाबाद लाडवा थानेसर के के अपनी-अपनी चार विधाओं में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 1000 प्रतिभागियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।

### जरूरतमंद परिवारों को बांटा राशन

**पिहोवा।** डेरा सच्चा सौदा व मानवता भलाई केंद्र ब्लॉक पिहोवा में सचखंडवासी मास्टर भरत सिंह चहल की 20वीं बरसी के उपलक्ष में ब्लॉक स्तरीय नाम चर्चा का आयोजन किया गया। इस दौरान पूज्य गुरु जी की पावन प्रेरणा पर अमल करते हुए मानवता भलाई के 170 कार्यों को आगे बढ़ाते हुए दर्जनों जरूरतमंद परिवारों को एक-एक महीने का राशन वितरित किया गया।

## भद्रकाली शक्तिपीठ में मां कुष्मांडा का हुआ पूजन

# नवरात्रों पर जिला भर के मंदिरों में उमड़ रहा भक्ति का सैलाब

*पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने बताया कि अपनी मंद मुस्कान द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मां भद्रकाली शक्तिपीठ कुरुक्षेत्र में माँ भद्रकाली की कुष्मांडा स्वरूप में पूजा की गई। मंदिर की मुख्य पुजारिन शिमला देवी द्वारा की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सुशील शर्मा पहुंचे। मां भद्रकाली को स्नान करवाने के बाद, माँ को हरी इलाइची, सौंफ, लाल पुष्प, लाल चूड़ी अर्पित की गई। इसके बाद मां के प्रिय मालपुए का भोग लगाया गया। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने बताया कि अपनी मंद मुस्कान द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है। पीठाध्यक्ष ने आगे बताया कि नवरात्रो में प्रतिदिन की तरह नवरात्रि व्रत भंडारा दोपहर 12 बजे मां के लाडले भक्त द्वारा आयोजित किया गया और साथ ही नवरात्रि अन्नपूर्णा भंडारा दोपहर 12 बजे संजय बंसल, चेयरमैन स्काईट कुरुक्षेत्र द्वारा दिया गया। पंक्तिबद्ध श्रद्धालु ह्लॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चेह्व मंत्र का उच्चारण करते हुए, भक्ति और अनुशासन के साथ मां भद्रकाली की परिक्रमा कर रहे थे। हर कदम पर आस्था की गूंज और हर स्वर में शक्ति की ध्वनि समाहित थी। माँ के दिव्य दरबार में झुके मस्तक और उज्ज्वल चेहरों पर भक्ति की आभा झलक रही थी। माँ के अलौकिक स्वरूप का दर्शन करते हुए श्रद्धालु भाव-विभोर हो,अपने हृदय में शक्ति, साहस और समृद्धि का आशीर्वाद संजोते नजर आए। भजन संध्या में बब्बु चावला एंड पार्टी, कुरुक्षेत्र ने भक्तों को माँ की भक्ति में लीन किया। महाआरती में मुख्य अतिथि रमन व बृजमोहन शर्मा उपस्थित रहे। 7 बजे संध्या कालीन 505 ज्योत महाआरती में कन्या पूजन, नव दुर्गा पूजन व भारत माता पूजन श्रीदेवीकूप पर किया गया।

■ हर कदम पर आस्था की गूंज व हर स्वर में शक्ति की ध्वनि समाहित थी



कुरुक्षेत्र। भद्रकाली मंदिर में पूजा करते श्रद्धालु।

### देवी मंदिरों में उमड़ रही भक्तों की आस्था



पिहोवा। बंसल परिवार को स्मृति चिन्ह भेंट करते आयोजक।

**पिहोवा।** हिंदू संस्कृति में नवरात्रि का विशेष महत्व है और भक्तजन इन नौ दिनों में मां दुर्गा की अगाध श्रद्धा और प्रेम के साथ पूजा करते है। इसी श्रृंखला के तहत प्राचीन माता बाला सुंदरी मंदिर में पांचवें नवरात्रे के अवसर पर मां स्कंदमाता के स्वरूप के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं ने मां के समक्ष नतमस्तक होकर आशीर्वाद लिया। बीती संध्या आरती के मुख्य यजमान सुरेश बंसल परिवार ने आरती में भाग लेकर तथा कन्या पूजन कर पुण्य कमाया। आरती से पूर्व सुभाष अग्रवाल, श्रवण मंगला, केशव सिंगला ने अपने भजनों द्वारा महामाई का गुणगान किया। समाजसेवी शिवचरण बहल, सुभाष मितल, रवि सैनी ने बंसल परिवार को मां का स्वरूप भेंट कर सम्मानित किया।

### चतुर्थ नवरात्र पर वार्षिक प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव धूमधाम से मनाया

**कुरुक्षेत्र।** गांव शांति नगर कुरड़ी में जय ओंकार आश्रम माँ आदिशक्ति पीठ में सदगुरुदेव स्वामी शक्ति देव महाराज कुरड़ी वाले एवं स्वामी संतोष ओंकार महाराज कुरड़ी वालों की अनुकंपा से श्रीमद् भगवती आदिशक्ति स्वयंभू महामाया मां का चतुर्थ नवरात्रे पर वार्षिक प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर संपूर्ण मंदिर को फूलों व विद्युतचलित लडियों से सजाया गया और मंदिर में विराजित महामाया की सवा 7 फुट ऊंची भव्य मूर्ति को गंगाजल से स्नान कराकर सुंदर वस्त्रों से सुसज्जित कर विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ पूजा कर, मां के चरणों में ओंकार महायज्ञ कर पूणाहुति स्वामी संदीप ओंकार द्वारा डाली गई और कन्या पूजन कर भंडारे का श्रीगणेश किया गया।





कुरुक्षेत्र। पारंपरिक परिधान में महिलाएं।

## भक्ति गीतों पर झूमी महिलाएं

# सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र में डांडिया नाइट का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

■ 110 महिलाओं और युवतियों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया

शीला नगर स्थित सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र समय-समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है। इसी श्रृंखला में सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र में शुक्रवार को डांडिया नाइट का आयोजन किया गया। लगभग 110 महिलाओं और युवतियों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र गत कई वर्षों से कुरुक्षेत्र में संगीत की शिक्षा में कार्यरत है। यहां संगीत की तीनों विधाओं गायन, वादन एवं नृत्य की शिक्षा बहुत ही उचित दाम में दी जाती है। केंद्र समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है।

डांडिया नाइट में आई सभी महिलाएं नवरात्र की खुशी में डांडिया नृत्य कर मां की भक्ति में सराबोर हो गई। महिलाओं ने भजनों से मां का गुणगान किया। डांडिया नाइट में महिलाएं भक्ति गीतों पर जमकर झूमीं। पारंपरिक परिधान पहने महिलाओं ने कार्यक्रम में संस्कृति और भक्ति के खूबसूरत संगम की झलक पेश की। महिलाओं एवं बच्चों के लिए प्रतियोगिता भी करवाई गई।

### क्ले मॉडलिंग कार्यशाला में युवा कलाकारों को प्रेरित किया



**कुरुक्षेत्र।** गुरुकुल कुरुक्षेत्र में क्ले मॉडलिंग, मोल्डिंग और कास्टिंग पर एक कार्यशाला आयोजित की गई, जहाँ प्रसिद्ध कलाकार ध्रुबज्योति बराल और अनिरुद्ध सिल ने छात्रों को जस्ती लोहे के तारों, जूट के धागों, लकड़ी के वेज और मिट्टी का उपयोग करके मूर्ति बनाने की कला सिखाई। कलाकार ने इस प्रक्रिया को सरल तरीके से समझाया और छात्रों के साथ एक संवादात्मक प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया, जिससे कार्यशाला जीवंत और आकर्षक बन गई। गुरुकुल के निदेशक, ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा ने इस सत्र में भाग लिया और गतिविधियों का गहन अवलोकन किया। उन्होंने कलाकारो की इस अद्भुत प्रस्तुति की सराहना की। यह कार्यशाला छात्रों के लिए एक मूल्यवान अनुभव साबित हुई, जिसने उन्हें मूर्तिकला निर्माण में अपनी छिपी प्रतिभा को उजागर करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# एक अच्छी पुस्तक इंसान का जीवन बदल सकती : डॉ. आरएस घुम्मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा ने शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में एक सराहनीय कदम उठाते हुए खानेवाल खालसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल की लाइब्रेरी को 100 किताबों का भव्य योगदान दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रोटरी प्रधान रो. डॉ. आर. एस. घुम्मन ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पुस्तकें ही वह साधन हैं जो बच्चों की सोच, कल्पनाशक्ति और ज्ञान को विस्तृत करती हैं। एक अच्छी पुस्तक इंसान का जीवन बदल सकती है।



### लाइब्रेरी की संस्कृति को मजबूत करना जरूरी

रोटरी क्लब का उद्देश्य है कि शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाए। इस अवसर पर रोटरी क्लब के वरिष्ठ सदस्य रो. प्रितपाल सिंह ढिल्लों ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि आज के समय में जब बच्चे मोबाइल और इंटरनेट पर अधिक निर्भर हो गए हैं, ऐसे में लाइब्रेरी की संस्कृति को मजबूत करना बहुत जरूरी है। किताबें बच्चों में न केवल अनुशासन बल्कि समाज और संस्कृति के प्रति गहरी समझ भी विकसित करती हैं। रोटरी सचिव रो. विक्रम गुप्ता ने कहा कि यह पहल क्लब के सेवा कार्यों की श्रृंखला का एक हिस्सा है और आगे भी शिक्षा व समाज के लिए ऐसे कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाते रहेंगे।

# गुरु तेग बहादुर जी का जीवन त्याग, परोपकार और बलिदान की अनुपम गाथा : प्रो. सोमनाथ

■ केयू में गुरु तेगबहादुर साहिब की 350वीं शहीदी वर्षगांठ पर संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गुरु तेग बहादुर जी का जीवन त्याग, परोपकार और बलिदान की अनुपम गाथा है। उन्होंने औरंगजेब के अत्याचारों से हिंदू समाज को बचाने के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर किया। उनके जीवन से हमें समाज के लिए प्राण न्योछावर की सीख मिलती है। उनके जीवन को हम हिंद की चादर के नाम से भी जानते हैं। गुरु का बलिदान पूरी मानवता का गौरव है।



**संगोष्ठी में गुरु जी की शिक्षाओं व उनके बलिदान के बारे में विस्तार से की चर्च**

विश्वविद्यालय के कुलपति ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पंजाबी विभाग द्वारा गुरु ग्रंथ साहिब प्रोजेक्ट टीम (सिख रिसर्च इंस्टीट्यूट, अमेरिका) और नम सबद फाउंडेशन के सहयोग से शुक्रवार को सीनेट हॉल में आयोजित एक दिवसीय विशेष संगोष्ठी में व्यक्त किए। उन्होने बताया कि संगोष्ठी का उद्देश्य गुरु जी की शिक्षाओं और उनके बलिदान की विरासत पर विस्तृत चर्चा करना है। कुलपति ने कहा कि आज के युवा हमारी प्राचीन संस्कृति से दूर हो रहे हैं।

### युवाओं को संस्कृती से जोड़ा

युवा पीढ़ी को गुरुओं की शिक्षाओं से प्रेरणा लेनी चाहिए। यह कार्यक्रम युवाओं को अपनी संस्कृति से जोड़ने का एक माध्यम है। गुरूबाणी में सुख और दुख में एक समान रहने तथा सोने और मिट्टी को एक समान समझने की सीख मिलती है। कुलसचिव लेफ्टिनेंट डॉ. वीरेन्द्र पाल ने कहा कि गुरु तेग बहादुर ने समाज में शांति, भाईचारा तथा मानवता का संदेश दिया। उन्होंने भाई मतिदास, भाई सतिदास और भाई दयाला जी की शहादत के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी की शहादत ने पूरे समाज को जागृत किया।

# सहकारी बैंक कृषि क्षेत्र में निभा रहे हैं अहम भूमिका : डॉ प्रफुल्ल रंजन

**कुरुक्षेत्र।** हरको बैंक के प्रबंध निदेशक डॉ प्रफुल्ल रंजन ने कहा है कि सहकारी बैंक किसानों का अग्रणी बैंक है। बैंक किसानों के अलावा प्रदेश के हर वर्ग को उनकी जरूरतों के मुताबिक उनकी मदद कर रहा है। सहकारी बैंकों ने प्रदेश में अपनी कार्यप्रणाली से एक अलग पहचान बनाई है। सहकारी बैंक किसानों की रीढ भी माना जाता है। वे शुक्रवार को गीता ज्ञान संस्थानम के आडिटोरियम में बैंक की 53वीं वार्षिक आम सभा की बैठक में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दी कुरूक्षेत्र केंद्रीय सहकारी बैंक द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की और निदेशक मंडल को बधाई दी। उन्होंने विशेषकर बैंक के चेयरमैन सुभाष सैनी धुराला के बैंक के चेयरमैन बनने पर उम्मीद जाहिर की कि उनकी अगुवाई में बैंक प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा। इससे पूर्व वार्षिक आम सभा में पहुंचने पर मुख्यातिथि डॉ प्रफुल्ल रंजन का बैंक के चेयरमैन सुभाष चंद धुराला और निदेशक मंडल ने गुलदस्ते भेंट कर स्वागत किया। बैंक के महा प्रबंधक गोपी चंद ने आये हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। इस मौके पर बैंक के निदेशक नरेंद्र घराड़सी, पवन शर्मा, सुभाष चंद रामगढ़ रोड, सुरेश सैनी, नैब सिंह अटवान, निशा रानी, जसविंदर मंडे व हरको बैंक के निदेशक सुभाष बेदी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



कुरुक्षेत्र। गीता ज्ञान संस्थानम के आडिटोरियम में बैंक की 53वीं वार्षिक आम सभा की बैठक में भाग लेते पदाधिकारी।

# नई पीढ़ी को सनातन संस्कृति से जोड़ने का यज्ञ है रामायण उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मेरी नाक तो कट गई, अब अपनी नाक बचा लो भाई। गीता ज्ञान संस्थानम् में आयोजित रामायण उत्सव के दूसरे दिन सूर्पनखा ने अपने भाई रावण के दरबार में जाकर गुहार लगाई और बताया कि लक्ष्मण ने उसकी नाक काट दी है। सूर्पनखा ने कहा कि भाई यह मेरी नही तुम्हारी नाक कटी है। रासकला मंच सफीदों तथा संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से गीता ज्ञान संस्थानम में आयोजित दूसरे दिन के रामायण उत्सव का शुभारंभ गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद ने दीप प्रज्जवलिक कर किया।



रामायण उत्सव का मंचन करते कलाकार

**ये रहे मौजूद:** इस अवसर पर मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण भारती, गौशाला सेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण गर्ग, सरस्वती हैरिटेज बोर्ड के वाईस चेयरमैन धुमन सिंह किरमच, पुलिस शिकायत प्राधिकरण हरियाणा के सदस्य एवं सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी ललित सिवाच, सुरेश तायल, जितेंद्र ढींगड़ा नीक्कू, कपिल मित्तल, विजय नरूला व गीता ज्ञान संस्थानम के मीडिया प्रभारी रामपाल शर्मा, राधेश्याम थन्नैय, राजेंद्र चोपड़ा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। सभी गणमान्यों को रास कला मंच की ओर से गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने आशीर्वाद स्वरूप स्मृति चिह्न भेंट किया। गीता मनीषी ने कहा कि रासकला मंच ने रामायण उत्सव मंचन करके नई पीढी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का काम किया है।



# थानेसर मंडल में मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

**कुरुक्षेत्र।** प्रखर राष्ट्रवादी, उत्कृष्ट संगठनकर्ता एकात्म मानववाद और अंत्योदय के प्रणेता एवं पथ प्रदर्शक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 110वीं जयंती थानेसर मंडल के कल्याण नगर शक्ति केंद्र पर भारतीय जनता पार्टी के थानेसर मंडल के पदाधिकारीगण एवं कार्यकतार्ओं द्वारा मनाई गई। इस अवसर पर थानेसर मंडल प्रभारी सहदेव मलान, थानेसर मंडल अध्यक्ष विवेक सिंह रावत, वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष एवं वार्ड नंबर 30 पूर्व पार्षद प्रत्याशी वेदप्रकाश प्रजापति, मंडल महामंत्री हरीश सैनी, मंडल महामंत्री एवं नॉमिनेट पार्षद दिलेर शर्मा, मंडल सचिव दीपक माजरा, आई.टी. सैल प्रमुख विवेक अरोड़ा, मीडिया प्रभारी अजय पाल , सोशल मीडिया प्रभारी सतीश सैनी, सोशल मीडिया सह प्रभारी कृष्ण सचदेवा, वार्ड नंबर 4 के पार्षद कमल किशोर, वार्ड नंबर 29 से पार्षद प्रत्याशी एवं शक्ति केंद्र प्रमुख रामराज कौशिक, राजकुमार बाजवा, बूथ प्रमुख अंकित काकड़ा मौजूद रहे।

# भाजपा जिलाध्यक्ष गोल्डी व नपा चेयरमैन आशीष ने जनता को बताए जीएसटी सुधार के फायदे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेंद्र खेहरा गोल्डी ने कहा कि जीएसटी सुधार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का ऐतिहासिक फैसला है, इससे प्रत्येक वर्ग को फायदा होगा। यह कदम न सिर्फ उपभोक्ताओं को राहत देता है, बल्कि छोटे व्यवसायों और मंझोले उद्योगों सहित सभी तरह के उद्योगों के लिए काफी फायदेमंद साबित होगा। अहम पहलू यह है कि नागरिक अब कम जीएसटी का लाभ उठाकर स्वदेशी उत्पाद अपने घर लेकर आएं। प्रधानमंत्री जी ने देशवासियों को नवरात्रों व दीपावली का बंपर उपहार प्रदान किया है।




### जीएसटी बचत उत्सव किया शुरू

तेजेंद्र खेहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में जीएसटी सुधारों के लाभ और महत्व की जानकारी आमजन और व्यापारियों तक पहुंचाने के लिए जीएसटी बचत उत्सव शुरू किया गया है। यह अभियान 15 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। इसके लिए आबकारी एवं कराधान विभाग ने विस्तृत कार्य योजना से शिविर आयोजित करेगी। अभियान का पहला चरण 22 से 29 सितंबर तक चलेगा।उन्होंने कहा कि तमाम जरूरी वस्तुओं पर टैक्स या तो खत्म कर दिया है या फिर काफी कम कर दिया है। इसका उद्देश्य आम आदमी के जीवन को आसान बनाना और अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है।

## भगत सिंह ने किताबों से क्रांतिकारी बनने का रास्ता लिया : गुरजीत कौर

# ऑल इंडिया लायर्स यूनियन ने मनाई शहीद भगत सिंह जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

बार रूम कुरुक्षेत्र में ऑल इंडिया लायर्स यूनियन ने शहीद भगत सिंह जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें शहीद भगत सिंह की भानजी बीबी गुरजीत कौर मुख्य अतिथि रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला एवं सत्र न्यायधीश दिनेश कुमार मित्तल, नरेश सहरावत व ऑल इण्डिया लायर्स यूनियन के राज्य अध्यक्ष गुरमेज सिंह ने की। मंच संचालन राजविंदर चंदी ने किया। जन नाट्य मंच कुरुक्षेत्र के नाटक कर्मियों ने 'इंकलाब जिंदाबाद' नाटक का मंचन किया। भारतीय पत्रकार कल्याण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन आश्री ने अपनी ओर से 5100 रुपए की धनराशि से कलाकारों को पुरस्कृत किया। वकीलों को संबोधित करते हुए बीबी गुरजीत कौर ने भगत सिंह पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भगत सिंह ने किताबों से क्रांतिकारी बनने का रास्ता लिया।



**बिना संगठित हुए शोषण मुक्त देश बनाना नहीं था संभव**

शहीद भगत सिंह का सपना था कि देश आजाद होने के साथ शोषण मुक्त व्यवस्था बने। बिना संगठित हुए शोषण मुक्त देश-दुनिया नहीं बन सकती। इसलिए नौजवान सभा का गठन किया व चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसो. दल की विचारधारा को पुख्ता व स्पष्ट करने के लिए उसमें समाजवाद शब्द जोड़ा।

### भगत सिंह ने शिक्षा पर दिया जोर

बीबी गुरजीत कौर ने बताया कि भगत सिंह का प्रसिद्ध कथन है कि 'बम और पिस्तौल से क्रांति नहीं आती, क्रांति की तलवार विचारों की सान पर तेज होती है।' इसलिए भगत सिंह शिक्षा के महत्व पर जोर देते थे। जिला एवम सत्र न्यायधीश दिनेश कुमार मित्तल ने कहा कि शहीदों व आजादी आंदोलन के सिपाहियों की वजह से वह सुख की सांस ले रहे हैं। एडवोकेट गुरमेज सिंह और राजविंदर चंदी ने कहा कि समाज को भगत सिंह से शिक्षा व प्रेरणा लेते हुए खूब पढ़ना चाहिए और समाज में विद्यमान छुआछूत व सांप्रदायिकता जैसी बुराइयों के खिलाफ संघर्ष करना चाहिए, ताकि हमारा समाज इन बुराइयों से छुटकारा पा कर विकास की नई उचाइयां छू सके। इस मौके पर संदीप मदान, सतपाल सिंह, दीपक निम्बरान, रितु मुदगिल, तनीषा, कमलेश, कुंवर विक्रम सिंह, आरपी कौशिक, महावीर दहिया, सुशील, कुसम शर्मा, सुमीत, कुलविंदर लुखी, अनिल कुमार आदि रहे।

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी कर्ण को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। परिवादी पंकज कुमार ने 9 सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने आम्र्ड वर्कशाप से टोंटियां व अन्य सामान चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### बाइक चोरी के दो आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ के गांव बड़ी रसौर पुल के पास नाकाबंदी के दौरान बिना नंबर प्लेट चोरी की मोटरसाइकिल व चोरीशुदा सामान रखने के मामले में आरोपी संदीप व आकाश को गिरफ्तार किया है। चेकिंग के दौरान पुलिस दल ने आरोपियों को काबू किया है। बाइक के दस्तावेज मांगने पर आरोपी कुछ नहीं दिखा पाए। शक होने पर पुलिस ने आरोपियों से गहन पूछताछ की। बाद में आरोपियों ने यह कबूल कर लिया कि बाइक चोरी की है।

### स्नेचिंग के मामले में दो युवक गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना सेक्टर-9 अंबाला शहर क्षेत्र से स्नेचिंग के मामले में पुलिस ने आरोपी रजत व कार्तिक को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी सुनीता ढाका ने बताया कि इस मामले में पीड़ित महिला ने 24 सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि मोटरसाइकिल सवार आरोपियो ने उससे मोबाइल छीन लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### देशी पिस्टल व जिंदा कारतूस समेत काबू

**अंबाला।** थाना नारायणगढ में दर्ज अवैध 1 देसी पिस्टल व 2 जिंदा रौंद रखने के मामले में आरोपी नितेश कुमार को गिरफ्तार किया गया। उसे दो दिन के रिमांड पर लिया गया। रिमांड के दौरान आरोपी ने बताया कि आरोपी दीपक भी इस मामले में संलिप्त है। पुलिस ने अब दीपक को भी गिरफ्तार किया है। उससे भी 1 देसी पिस्टल और 3 जिंदा रौंद बरामद किए गए हैं। आरोपी किसी गैंग के सदस्य हैं जो किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के फिराक में थे।

### वांछित आरोपी को भेजा कारावास

**अंबाला।** थाना नारायणगढ में दर्ज मामले में वांछित आरोपी राजकुमार को काबू किया गया है। अदालत ने आरोपी को पीओ घोषित किया गया था। 24 सितंबर 2025 को इस मामले में पुलिस ने आरोपी राजकुमार को गिरफ्तार कर लिया। अब उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस की मानें तो आरोपी को तलाश किया जा रहा था। इसके बावजूद उसका कहीं सुराग नहीं लग पा रहा था। अब सूचना के आधार पर उसकी गिरफ्तारी हुई है।

### मोटरसाइकिल चोरी के मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी रविंद्र उर्फ रवि को गिरफ्तार किया है। तंगोली के लाभ सिंह ने 19 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि मटहेडी बस स्टैंड के पास से आरोपी ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी की है।

---

### कई दिनों से लगातार आ रहे किसान, फसल बेचने में असमर्थ

# पंजीकरण वेरिफाई ना होने से अटकी फसल की खरीद

**अनाज मंडी में किसानों को उठानी पड़ रही परेशानियां**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना

- मंडी में धान से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉलियां मंडी में लगातार खड़ी
- प्रशासन के चक्कर काट रहे किसान

अनाज मंडी में इस बार धान की फसल की शुरुआत किसानों के लिए परेशानी भरी साबित हो रही है। मंडी में कई दिनों से लगातार आ रहे किसान अपनी फसल बेचने में असमर्थ हैं। बड़ी संख्या में किसानों के फसल पंजीकरण का वेरिफिकेशन अब तक पूरा नहीं हुआ है। ऐसे में किसानों के गेट पास नहीं कट रहे और फसल की खरीद नही हो पा रही। स्थिति यह है कि मंडी में धान से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉलियां मंडी में लगातार खड़ी हैं, किसान मंडी प्रशासन के चक्कर काटकर थक चुके हैं, परंतु उन्हें समाधान नहीं मिल रहा। किसान अमर सिंह टंगैल, दीवान चंद,


मुलाना। पीड़ित किसान।

जगीर सिंह खानअहमदपुर, भूपेंद्र सिंह, जसबीर, हरनाम का कहना है कि हमने पहले ही धान की फसल का पंजीकरण करा लिया था। अब जब मंडी में फसल लेकर जा रहे है तो मंडी गेट पर ही फसल पंजीकरण सत्यापन न होने के चलते गेट पास नहीं कट पाता है। जिसके चलते उनकी फसल खरीद अटक गई है। उन्होंने बताया कि किसी ने 8 एकड़ का पंजीकरण कराया था लेकिन उसका सत्यापन केवल 1 एकड़ हुआ है। कई किसान तो ऐसे है जिन्होंने केवल एक एकड़ का ही पंजीकरण कराया और उनका एक एकड़ का भी सत्यापन नहीं हो पाया है। किसानों ने बताया कि जिस दिन से खरीद शुरू हुई है। उसी दिन से इस समस्या बारे वो मंडी के चक्कर काट रहे हैं। लेकिन समस्या का हल नहीं हो पा रहा है। किसानों ने सरकार और प्रशासन से अपील की है कि फसल पंजीकरण के वेरिफिकेशन में तेजी लाई जाए और खरीद प्रक्रिया जल्द से जल्द शुरू की जाए ताकि किसानों को राहत मिल सके और मंडी खरीद सामान्य हो सके।

**निवारण किया जाए**



आढ़ती एसोसिएशन मुलाना प्रधान रणजीत सिंह ने बताया कि सरकारी खरीद शुरू हो चुकी है। लेकिन किसानों के फसल पंजीकरण सत्यापन न होने के चलते किसानों को धान बेचने में समस्या आ रही है। किसान आढ़तियों व विभाग के चक्कर काटने को मजबूर है। प्रशासन से अपील है कि जल्द इस समस्या का निवारण किया जाए।

---


शहजादपुर। चिकित्सा शिविर में स्टाफ कर्मचारियों से बातचीत करते पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी। फोटो: हरिभूमि

**मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन**

# स्वास्थ्य जांच शिविर में 507 मरीजों को जांचा

- पूर्व विधायक बोले-सेवा पखवाड़े के तहत आयोजित किए जा रहे रक्तदान और स्वास्थ्य जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर

सीएचसी में शुक्रवार को एक मेगा हेल्थ कैंप आजोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी व भाजपा जिला महामंत्री विवेक गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वशिष्ठ अतिथि के तौर पर शहजादपुर के सरपंच रविंद्र चौहान, विधानसभा संयोजक अश्वनी अग्रवाल व मंडल प्रधान विक्रम राणा, संजीव गुर्जर तथा डॉ. रोहित सैनी तथा डॉ. विनोद सैनी भी उपस्थित थे। एसएमओं डॉ. गुरप्रीत सिंह ने बताया कि कैंप में कुल 507 रोगी की जांच एवं परामर्श दिया गया। पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने कहा कि सेवा पखवाड़ा जन-सेवा और समाज कल्याण का संदेश लेकर आया है।

**चश्मे भी बांटे**

कैंप में कुल 507 मरीज उपचार हेतु आए। आंख के डॉक्टर्स ने कुल 129 लोगों की जांच की और 67 लोगों को आँख के चश्मे भी बांटे गए। कैंप में विभिन स्कूलों से 38 दिव्यांग बच्चों का चेक अप भी हुआ। आयुष डॉक्टर्स ने कुल 232 मरीजों का उपचार किया। एनसीडी कॉर्नर में कुल 194 मरीजों की बीपी, शुगर की स्क्रीनिंग की गई। 161 लोगों के खून कि जांच की गई तथा 256 लोगों की स्वस्थ पोषण की काउंसलिंग भी की गई।

---

# श्रीमद भागवत कथा आज से होगी

- गायक बी प्राक और मुनीश बजाज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंडीगढ़

श्री कृष्ण प्रिया जू संकीर्तन मंडल के तत्वाधान में 27 सितंबर से 3 अक्टूबर तक सेक्टर 34 के मेला ग्राउंड में श्री मद भागवत कथा का आयोजन रोजाना दोपहर 3 बजे से 7 बजे तक किया जा रहा है। संबंधी हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में गायक बी प्राक ने बताया कि कथा का आयोजन श्री श्री 1008 सिद्ध योगी बचन नाथ बचन जी महाराज की स्मृति में किया जा रहा है। संबंध में कार्यक्रम के आयोजक गायक बी प्राक पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से मिले और उन्हें कार्यक्रम में आने का न्योता दिया। इस अवसर पर इस कार्यक्रम में प्रशासन के अन्य लोग भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएंगे। इस अवसर पर उनके साथ कार्यक्रम के संयोजक मुनीश बजाज भी उनके साथ थे।

इस अवसर पर गायक बी प्राक ने बताया कि इस भागवत कथा में देश के जानेमन संत पहुंच रहे है और श्री मद भागवत कथा का पाठ करेंगे। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर विश्व विख्यात कथा व्यास परम पूज्य श्री इंद्रेश महाराज अपनी दिव्य वाणी में कथा श्रवण करवाएंगे। उन्होंने बताया कि कथा के बाद भजन गायकों द्वारा नित्य भजन संध्या प्रस्तुत की जाएगी। इस अवसर पर मुनीश बजाज, संदीप चुग, तनमे बंसल, हैप्पी और युवराज गुप्ता भी उपस्थित थे।

**कथा में आने की अपील की**

बी प्राक ने बताया कि यह कथा हमारे लिए बहुत बड़ा है। महाराज ने इसका नाम वृंदावन प्राकटय उत्सव दिया है। उन्होंने कहा कि आज से चंडीगढ़ वृंदावन बनने जा रहा है। उन्होंने लोगों से परिवार सहित इस कथा में आने की अपील की। उन्होंने बताया कि इस कथा में बागेश्वर सरकार जी, राधा वल्लभ से मोहित मराल, चित्र विचित्र और जया किशोरी सहित अन्य संत लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। उन्होंने बताया कि कथा के साथ साथ मोर कुटी भाव, लाल जी पालना महोत्सव, दही हांडी उत्सव, होली उत्सव, सांझी स्वरूप, दशहरा का स्वरूप और विश्राम दिवस मनाया जाएगा।

---

# पार्थिव शरीर रिसर्च के लिए दिया दान

- हृदय गति रुकने से अचानक हो गया था निधन, डेरा सच्चा सौदा से प्रेरित होकर देह दान करने का किया था ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना



मुलाना। पिता की अर्थी को कंधा देती बेटियां व शव को ले जाती एम्बुलेंस। फोटो: हरिभूमि

गांव कालपी के 64 वर्षीय राकेश इंसा का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनकी अंतिम इच्छा के अनुसार उनका पार्थिव शरीर मेडिकल शिक्षा और शोध के लिए दान कर दिया गया। शुक्रवार दोपहर को शाह सतनाम ग्रीन एस वेलफ़ेयर कमेटी के सदस्यों, ग्रामीणों, और रिश्तेदारों की मौजूदगी में उनकी देह को एंबुलेंस द्वारा करियर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड अस्पताल लखनऊ भेजा गया। कालपी गांव के सरपंच रिंकू कुमार ने बताया कि पूरे गांव को राकेश इंसा पर गर्व है। उन्होंने जीते जी निश्चय कर लिया था कि निधन के बाद शरीर रिसर्च के काम आए। परिवार ने उनकी सोच को साकार कर समाज को एक नई दिशा दी है। सरपंच ने यह भी कहा कि अंतिम यात्रा में महिलाओं द्वारा अर्थी को कंधा देना समाज में सकारात्मक संदेश है।डेरा सच्चा सौदा के ब्लॉक प्रेमी सेवक जयराम ने बताया कि कस्बे में यह पहला शरीरदान है। ग्रीन एस वेलफेयर कमेटी के सदस्य पवन इंसा और अशोक ने कहा कि इस पहल से मेडिकल छात्रों को शोध के लिए संसाधन मिलेंगे और समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बल मिलेगा। इस दौरान रामपाल इंसा, सुरेंद्र इंसा, डॉ. हरबंस इंसा, जसबीर इंसा, भोला राम इंसा आदि मौजूद रहे।

**बेटियों ने दिया अर्थी को कंधा**

राकेश इंसा ने जीवनकाल में ही मरणोपरांत शरीरदान का फार्म भर रखा था। उनके निधन के बाद परिवार ने उनकी इच्छा का सम्मान करते हुए यह कदम उठाया। पार्थिव देह को एंबुलेंस तक ले जाते समय गांव में राकेश इन्सां अमर रहें" के नारे गूंजे और वातावरण भावुक हो उठा। इस मौके पर बेटी रेखा रानी, पुत्रवधु पूजा और अन्य महिला परिजनों ने परंपरागत रूढ़ियों को तोड़ते हुए उनकी अर्थी को कंधा दिया। राकेश इंसा अपने पीछे बेटा गुरप्रीत बेटा गुरदीप और बेटी रेखा रानी सहित पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

---

# भाजपा की फितरत ही गंदगी फैलाना: जैन

- केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के ड्रामे पर उठाए सवाल
- कहा पहले रात को साफ सड़कों पर कूड़ा डलवाए फिर सुबह साफ करने का नाटक किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने कहा कि भाजपा की फितरत ही गंदगी फैलाना है। फिर गंदगी को साफ करने का नाटक करना। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर खुद ऐसे मामले में एक्सपोज हो गए। स्वच्छता अभियान को लेकर वे साफ सुथरे शहर चंडीगढ़ में सफाई करने पहुंचे। मगर सफाई से पहले कर्मचारियों ने उसके झाड़ू लगाने से पहले साफ सुथरी सड़कों पर गंदगी फैला दी। मजे की बात है कि यह पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया।

जैन ने कहा कि भाजपा व उसके नेता ऐसे ही पूरे देश में गंदगी फैलाने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि राजनीति के लिए पहले भाजपा के नेताओं ने देश की जनता के दिमाग में नफरत की गंदगी फैलाने का काम किया। अब जब जनता इनके इरादे समझ गई तो फिर जनता को दूसरे तरीके से गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट एडवोकेट रोहित जैन ने कहा कि भाजपा ने पहले गब्बर सिंह टैक्स यानि जीएसटी के जरिए पूरे देश की जनता को लूटा अब उसी टैक्स को कम कर वाहवाही लूटने का प्रयास किया जा रहा है।


अंबाला। पार्टी कार्यकर्ताओं से बातचीत करते कांग्रेसी नेता रोहित जैन।

**गुमराह करने का आरोप**

जैन ने कहा कि जीएसटी का कांग्रेस ने पहले दिन से ही विरोध किया। खुद नेता विपक्ष राहुल गांधी ने जीएसटी को गब्बर सिंह टैक्स करार देकर इसे जबरन जनता पर थोपने के आरोप लगाकर इसका कड़ा विरोध किया था। जैन ने कहा कि चुनावी सीजन देखकर अब भाजपा ने जीएसटी की दरों में कटौती कर देश भर में जीएसटी बचत उत्सव मनाने का ऐलान किया। जैन ने कहा कि भाजपा को जीएसटी बचत उत्सव की बजाय पूरे देश में जीएसटी क्षमा याचना दिवस मनाना चाहिए। साथ ही पूरे देश की जनता से भी माफी मांगनी चाहिए। जैन ने कहा कि सत्ता की जमीन खिसकते देखकर अब भाजपा जनता को नए तरीकों से गुमराह करने का प्रयास कर रही है। मगर अब जनता उसके बहकावे में नहीं आने वाली है। डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन अंबाला के पूर्व प्रेजिडेंट एडवोकेट रोहित जैन ने कहा कि भाजपा वोट चोरी के जरिए देश की सत्ता में आई है।

---

# सीवरेज की पाइपलाइन टूटने से बढ़ी दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

- 700 घरों में सप्लाई हो रहा दूषित पानी

नगर परिषद की ओर से डाले गए सीवर के भूमिगत पाइप से स्वच्छ पानी की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो रही है। इससे कॉलोनियों में गंदा पानी की आपूर्ति हो रही है। कैंट की तीन कॉलोनियों के 700 घरों में लोग गंदा और बदबूदार पानी पीने को मजबूर हैं। इस समस्या पर जब जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी सही करने पहुंच रहे हैं तो उन्हें सीवरेज लाइन से जुड़ी समस्या मिल रही है। जनस्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार सीवरेज पाइपों को पानी की लाइन के निकट बिछा दिया गया है, जिससे पेयजल की पुरानी लाइनें लीकेज होकर सीवरेज का पानी खींचने लगती हैं।

**बदलने का काम शुरू**

हालांकि जनस्वास्थ्य विभाग ने पुरानी पेयजल पाइप लाइनों को बदलना शुरु कर दिया है जोकि सीवर पाइप से दूरी पर डाली जा रही हैं ताकि दोबारा गंदे पानी की समस्या पैदा न हो इससे पहले ऐसी ही समस्या दयालबाग, बब्याल, महेशनगर सहित सदर क्षेत्र में भी देखने को मिली थी। इस दौरान स्थानीय लोगों को 10 से 15 दिन तक गंदे पानी की समस्या से जूझना पड़ा था क्योंकि खामी ढूंढने में ही काफी समय लग गया था। पहले तो पाइप की लीकेज नहीं मिली।

---

### पुस्तकें जीवन को देती हैं नई दिशा: प्राचार्य

- पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 में आयोजित हुई पुस्तक प्रदर्शनी

**अंबाला।** अंबाला छावनी स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर-2 में भव्य पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकाशकों द्वारा साहित्य, विज्ञान, इतिहास, कला, संस्कृति एवं प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकों का आकर्षक संकलन प्रस्तुत किया गया। छात्रो ने प्रदर्शनी में गहरी रुचि दिखाई और पुस्तक चयन में सक्रिय भागीदारी की। विद्यालय के प्राचार्य हरिंद्र सिंह लांबा ने प्रदर्शनी का शुभारंभ करते विद्यार्थियों को पुस्तक पढ़ने की आदत विकसित करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि पुस्तकें जीवनभर ज्ञान और सही दिशा प्रदान करने वाली सच्ची मित्र हैं।

---

# उदयपुर और चंडीगढ़ के लिए चलने वाली विशेष ट्रेन का ट्रायल कामयाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

- रेलवे अधिकारियों ने अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का किया अभिनंदन, फिर हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

उदयुपर से चंडीगढ़ के लिए चलाई गई विशेष ट्रेन नंबर 09671 का ट्रॉयल कामयाब रहा। ट्रेन लगभग 1:05 मिनट की देरी से अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म एक पर पहुंची। यहां पर अंबाला रेल मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक नवीन कुमार झा सहित अन्य विभागीय अधिकारियों ने ट्रेन का स्वागत किया और लगभग सात मिनट के ठहराव के बाद ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर चंडीगढ़ की तरफ रवाना किया। हालांकि वापसी में ट्रेन नंबर 09672 सुबह 11:20 बजे चंडीगढ़ स्टेशन से रवाना हुई और ठीक 12 बजे अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर पहुंची। अंबाला स्टेशन पर पांच मिनट के ठहराव के बाद ट्रेन को उदयपुर के लिए रवाना कर दिया गया। अंबाला मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक नवीन कुमार झा ने बताया कि 25 सितंबर को ट्रायल रन के दौरान उदयपुर से ही ट्रेन लगभग एक घंटे की देरी से चली थी और बीच रास्ते ट्रेन का कई जगह स्वागत किया गया। इस कारण ट्रेन लगभग एक घंटा लेट हो गई थी, हालांकि वापसी में ट्रेन अपने निर्धारित समय पर चंडीगढ़ से रवाना होकर अंबाला पहुंची और फिर उदयपुर की तरफ रवाना हो गई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

---

**कार्यक्रम** मंत्री अनिल विज बोले-शिविर में 75-75 युवा कर रहे रक्तदान

# रक्तदान व चिकित्सा शिविरों को लेकर भाजपाइयों में भारी उत्साह

**चिकित्सा शिविरों में गंभीर बीमारियों का हो रहा उपचार**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि सेवा पखवाड़े को लेकर लोगों व भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह है। पखवाड़े के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर, रक्तदान शिविर एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और इन शिविरों का लोग भरपूर लाभ उठा रहे हैं। विज शुक्रवार को सेवा पखवाड़ा के तहत 12 क्रॉस रोड पर जाटव धर्मशाला मोची मंडी में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 सितंबर को जन्मदिन से प्रारंभ हुआ सेवा पखवाड़ा 2 अकतूबर तक महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिन तक चलेगा। पखवाड़े के तहत मेडिकल चेकअप कैंप में एक्स-रे, ईसीजी व हर टेस्ट हो रहे हैं। यहां मरीजों को दवाएं भी दी जा रही हैं।

गंभीर केसों को सिविल अस्पताल रेफर किया जा रहा है। सिविल अस्पताल डॉक्टरों व एमएम मुलाना मेडिकल कॉलेज की टीम मरीजों की जांच कर रही है। इसी तरह हर मंडल में रक्तदान शिविर लग रहे हैं। लक्ष्य 75-75 यूनिट रक्त एकत्रित करने का रखा गया था, लेकिन शिविरों में रक्तदान देने के लिए ज्यादा लोग आ रहे हैं और लोगों व कार्यकर्ताओं में उत्साह है। लोग इन शिविरों का पूरा लाभ उठा रहे हैं।


अंबाला। चिकित्सा कैंप में लोगों से बातचीत करते मंत्री अनिल विज।

**ये रहे मौजूद**

इससे पहले कैबिनेट मंत्री अनिल विज के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर बड़ी संख्या में मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। उन्होंने स्वास्थ्य जांच शिविर का मुआयना किया और मरीजों से यहां उपलब्ध सुविधाओं बारे जानकारी हासिल की। डॉक्टरों ने बताया कि विभिन्न डॉक्टर यहां मरीजों की जांच कर रहे हैं और मरीजों को दवाएं भी यहां उपलब्ध कराई जा रही है। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. राकेश सहल, डॉ. पूजा, नगर परिषद् अध्यक्षा स्वर्णजीत कौर, उपाध्यक्ष ललिता प्रसाद, भाजपा पदाधिकारी बीएस बिंद्रा, संजीव सोनी, रवि बुद्धिराजा, आशीष अग्रवाल, बिजेंद्र चौहान, आरती सहगल, सुनील, नपा सदस्य निधि गर्ग, परमजीत के साथ-साथ चिकित्सगण व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।